**संख्या.सी.29011/02/2021-सीडीएन**

**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**उच्चतर शिक्षा विभाग**

***

सी-विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक 25th जनवरी, 2021

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए दिसंबर, 2021 के महीने के मासिक सार के संबंध में**

अधोहस्ताक्षरी को दिसंबर, 2021 के महीने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यकलापों से संबंधित मासिक सार की प्रति को मंत्रिमंडल हेतु परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

महेन्द्र कुमार
(एम. के. मीणा)
उप सचिव,भारत सरकार
फोन : 23385365

**संलग्न: यथोपरि।**

**सेवा में**

मंत्री परिषद के सभी माननीय सदस्य।

संलग्नकों सहित प्रति अग्रेषित:

1. भारत सरकार के सभी सचिव (सभी मंत्रालय / विभाग)
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

प्रति सूचनार्थ: सचिव (एचई) के वरि. प्रधान निजी सचिव।

**शिक्षा मंत्रालय**

**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**मंत्रिमंडल हेतु दिसंबर 2021 के माह का मासिक सारः**

**दिसंबर, 2021 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**

1. **अमेरिका में भारतीय राजदूत की माननीय शिक्षा मंत्री के साथ बैठक**

माननीय शिक्षा मंत्री ने 20 दिसंबर 2021 को अमेरिका में भारतीय राजदूत श्री तरणजीत सिंह संधू व शिक्षा मंत्रालय और कौशल विकास और उद्‌यमिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की।इसका उद्देश्य शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका की सहभागिता बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श करना था। इसबैठक में नवंबर 2021 में माननीय मंत्री की अध्यक्षता में अमेरिका और भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ हुई एक गोलमेज बैठक का अनुसरण किया गया। बैठक में हुए विचार-विमर्श और माननीय मंत्री के निर्देशों के आधार परस्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग व कौशल विकास और उद्‌यमिता मंत्रालय ने दोनों देशों के बीच सहयोग के संभावित क्षेत्रों और आगे बढ़ने के तौर-तरीकों को चिह्नित करते हुए वर्किंग पेपर तैयार किए हैं। ड्राफ्ट वर्किंग पेपर विचारार्थ प्रस्तुत किए गए हैं।

2. **माननीय शिक्षा मंत्री और युवा मामलों के मंत्री, बहरीन के बीच बैठक**

दोनों मंत्रियों के बीच 23.12.21 को एक वर्चुअल बैठक हुई जिसमें कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

3. **माननीय राज्य मंत्री द्‌वारा 10 तमिल शास्त्रीय ग्रंथों के हिन्दी/कन्नड़ में अनुवाद का शुभारंभ**

माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, श्री सुभाष सरकार ने 22.12.2021 को 10 प्राचीन तमिल ग्रंथों का हिंदी मेंऔर थिरुक्कुरल का कन्नड़ में अनुवाद कार्य का शुभारंभ किया।

**4. आईआईटीके लिए स्थायीनिधि संबंधी संशोधित मसौदा दिशानिर्देश अंगीकरण हेतु जारी किए गए थे**

इससे पहले, शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2020 में, आईआईटीको स्थायीनिधि संबंधी मसौदा दिशानिर्देश जारी किए थे, जो आईआईटीदिल्ली के साथ विचार-विमर्श से तैयार किए गए थे।हालांकि, आईआईटीमद्रास के एक प्रस्ताव के आधार पर, संशोधित मसौदा दिशानिर्देश दिसंबर, 2021 में जारी किए गए हैं। आईआईटीमद्रास ने अन्य आईआईटी से मंत्रणा के बाद यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। संशोधित दिशानिर्देश इन संस्थानों से पूर्व छात्रों के जुड़ाव को और बढ़ाएंगे। ये संशोधन आईआईटीको विश्वस्तर पर पूर्व छात्रों से एक ठोस स्थायी निधि जुटाने में सक्षम करेंगे, जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के एक घोषित लक्ष्य- गुणवत्ता वाले शैक्षणिक अनुसंधान को उत्प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

**5. आईआईटी कानपुर का 54वां दीक्षांत समारोह**

आईआईटीकानपुर का 54 वां दीक्षांत समारोह 28 दिसंबर, 2021 को आयोजित किया गया था और इस कार्यक्रम में भारत के माननीय प्रधान मंत्री मुख्य अतिथि और यूपी के मुख्यमंत्री सम्मानित अतिथि थे। दीक्षांत समारोह हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था। सभी छात्रों को राष्ट्रीय ब्लॉकचैन परियोजना के तहत आईआईटी कानपुर में विकसित एक इन-हाउसब्लॉकचैन आधारितप्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल डिग्री जारी की गई थी। माननीय प्रधान मंत्री ने ब्लॉकचेन-आधारित डिजिटल डिग्री का शुभारंभ किया। ये डिजिटल डिग्री विश्व स्तर पर सत्यापित की जा सकती हैं और इनकी कूटरचना नही की जा सकती है। कुल 1723 छात्रों ने अपनी डिग्री प्राप्त की और तीन मानद डॉक्टरेट डिग्रियां प्रतिष्ठित व्यक्तियों को प्रदान की गईं।

****